State Health Society, Bihar
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना-800014
Pariwar Kalyan Bhawan, Sheikhpura, Patna- 800014,
Tel : 0612-2290328, Fax: 2290322, website: www.statehealthsocietybihar.org

संचिका संख्या SHSB/PM/305/2011
आदेश संख्या....127-D..... दिनांक....13.2.12....

कार्यालय आदेश

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के कार्यालय पत्रांक 29807 दिनांक 2.9.2011 के द्वारा M/s MRK Healthcare, S.No. 153/P, Panch Pippal, Hansapur, Unjha, Patan Road, TA:Patan, District: Patan- 384265 (Gujrat) को Sterilized Disposable Gloves की आपूर्ति चिकित्सा महाविधालय अस्पतालों में ससमय नहीं करने के कारण काली सूची में दर्ज करते हुये तत्कालिक प्रभाव से अगले पाँच वर्षो तक फर्म को बिहार सरकार, स्वास्थ्य विभाग/राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार/जिला स्वास्थ्य समिति/चिकित्सा महाविधालय अस्पतालों/संस्थानों द्वारा आमंत्रित किसी भी निविदा में भाग लेने पर रोक लगा दी गयी थी। उक्त फर्म के द्वारा आपूर्ति किये जा रहे Sterilized Disposable Gloves की गुणवत्ता के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं है। फर्म को काली सूची में डालने के फलस्वरूप सभी स्वास्थ्य संस्थानों में Gloves की आपूर्ति बाधित है।

फर्म को काली सूची में डाले जाने के पर उक्त फर्म के पत्रांक शून्य दिनांक 3.1.2012 के द्वारा अनुरोध किया गया है कि फर्म को काली सूची से हटा लिया जाये ताकि उनके द्वारा चिकित्सा महाविधालय अस्पतालों में Sterilized Disposable Gloves की आपूर्ति की जा सके।

वर्तमान में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के द्वारा Sterilized Disposable Gloves का कोई दर अनुबंध प्रभावी नहीं है। Sterilized Disposable Gloves के दर अनुबंध हेतु अन्य औषधि/उपस्करों के साथ निविदा प्रकाशित की गयी है, जो अभी प्रक्रियाधीन है। राज्य के विभिन्न चिकित्सा महाविधालय अस्पतालों में Sterilized Disposable Gloves की अनुपलब्धता बनी हुयी है। Sterilized Disposable Gloves के अनुपलब्धता के फलस्वरूप Infection Control की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। अस्पतालों में विभिन्न शल्य क्रियाओं एवं आंतरिक परीक्षण आदि में प्रतिदिन Gloves का उपयोग किया जाना है। अतएव यह बहुत आवश्यक है कि Gloves की आपूर्ति निर्बाध रूप से सभी स्वास्थ्य संस्थानों विशेषकर चिकित्सा महाविधालय अस्पतालों में बनी रहे।

उक्त के आलोक में फर्म के अभ्यावेदन पर समीक्षा की गयी एवं सम्यक विचारोपरान्त विशेष परिस्थिति एवं राज्य हित में इस शर्त के साथ M/s MRK Healthcare, S.No. 153/P, Panch Pippal, Hansapur, Unjha, Patan Road, TA:Patan, District: Patan- 384265 (Gujrat) को काली सूची से हटाने यानी de-blacklist करने का निर्णय लिया जाता है कि Sterilized Disposable Gloves के क्रय हेतु जिस-जिस संस्थानों से क्रयादेश निर्गत किया जा चुका है एवं आपूर्ति लंबित है, को पत्र निर्गत की तिथि से 15 दिनों के अंदर आपूर्ति करना सुनिश्चित करें।

13/2/2012
कार्यपालक निदेशक

State Health Society, Bihar
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना-800014
Pariwar Kalyan Bhawan, Sheikhpura, Patna- 800014,
Tel : 0612-2290328, Fax: 2290322, website: www.statehealthsocietybihar.org

ज्ञापांक 1270 पटना, दिनांक 13.2.2012

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी जिला पदाधिकारी/सभी आरक्षी अधीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी क्षेत्रीय उपनिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः सभी राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, अंधापन/कुष्ठ/मलेरिया/फाईलेरिया/कालाजार/यक्ष्मा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सभी अधीक्षक, चिकित्सा महाविधालय अस्पताल/निदेशक, इंदिरा गाँधी आर्युविज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना/निदेशक, इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान, पटना/प्राचार्य दंत चिकित्सा महाविधालय, पटना/सभी असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी/सभी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः अपर निदेशक/प्रशासी पदाधिकारी/सभी उपसमाहर्ता/अपर निदेशक, वित्त/राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी/वित्त प्रबंधक/सभी सलाहकार, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सिस्टम एनालिस्ट -कम- डाटा ऑफिसर, राज्य स्वा० समिति को सूचनार्थ प्रेषित करते हुये निदेश है कि उक्त आशय को समिति के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि : सभी जिला कार्यक्रम प्रबंधक/जिला लेखा प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः M/s MRK Healthcare, S.No. 153/P, Panch Pippal, Hansapur, Unjha, Patan Road, TA:Patan, District: Patan- 384265 (Gujrat) को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

13/2/2012
(कार्यपालक निदेशक)